
विश्व गौरैया दिवस आज

नव भारत

# जल गंगा संवर्धन का बिगुल बजा

**55** जिलों में एक साथ चलेगा अभियान

**2500** करोड़ से संवारे जाएंगे प्रदेश के जल स्त्रोत

**10** हजार चेक डेम और स्टॉप डेम पर फोकस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुड़ी पड़वा के अवसर पर इंदौर से राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया. प्रदेशभर में 139 दिन तक चलने वाले इस अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े लगभग 2500 करोड़ रुपए के कार्य किए जाएंगे.**



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और जीवन का आधार भी. बिना जल के जीवन संभव नहीं है और हमारी परंपराओं में भी जल का विशेष महत्व रहा है. उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन बनना चाहिए. इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अभियान का यह तीसरा वर्ष है और इसे गुड़ी पड़वा से गंगा दशमी तक प्रदेश के सभी 55 जिलों में चलाया जाएगा. इसके तहत नए तालाबों का निर्माण, पुराने जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, कुएं-बावड़ियों की मरम्मत, नहरों का निर्माण और सुधार, सूखी नदियों को पुनर्जीवित करने और भू-जल पुनर्भरण के लिए संरचनाएं विकसित की जाएंगी. प्रदेश में 10 हजार से अधिक चेक डेम और स्टॉप डेम के संधारण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा.

वहीं सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सिंचाई विस्तार के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी बन रहा है. वहीं इंदौर जल संरक्षण के प्रयासों में मिसाल बना है. जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शहर के 27 तालाबों को इस अभियान के तहत नई दिशा दी जा रही है और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन का व्यापक कार्य किया जा रहा है. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.


> कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने इंदौर के बिलावली, लिम्बोदी और छोटा सिरपुर तालाब सहित जल संरक्षण से जुड़े करीब 22 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन भी किया. इस दौरान सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत से विकास के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं.

# पीएम मोदी ने 4 राष्ट्राध्यक्षों से की बात

- खाड़ी देशों में तनाव के बीच चर्चा का दौर जारी
- पश्चिम एशिया संकट के बीच शांति बहाली पर दिया जोर

**नई दिल्ली, 19 मार्च. खाड़ी देशों में तनाव के बीच पीएम मोदी पिछले 24 घंटे में 4 राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर चुके हैं. इससे पहले उन्होंने ओमान, कुवैत और फ्रांस के नेताओं से बातचीत की.**

पीएम मोदी ने मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम से बात की. इसकी जानकारी उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दी है. दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट की गंभीर स्थिति पर भी चर्चा की और तनाव कम करने के साथ बातचीत और कूटनीति के जरिए जल्द शांति बहाल करने पर सहमति जताई.



## मैक्रों से मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा

पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि हालात को शांत करने और बातचीत व कूटनीति के रास्ते पर लौटना बहुत जरूरी है. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दोनों देश क्षेत्र और दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए आपसी सहयोग जारी रखेंगे. इससे पहले पीएम मोदी ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से बातचीत की थी. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए है कि तनाव कम करने और शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देना जरूरी है.

> विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पीएम ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह से बुधवार की रात बात की थी. दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर बात की और हाल की घटनाओं पर चिंता जताई. प्रधानमंत्री ने कुवैत पर हुए हमलों की कड़ी निंदा भी की.

# सेंसेक्स 2,497 अंक लुढ़का

**मुंबई.** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रेपो दर को स्थिर रखने के फैसले से निराश निवेशकों की बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 2,496.89 अंक (3.26 प्रतिशत) लुढ़ककर पिछले साल नौ अप्रैल के बाद के निचले स्तर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 775.65 अंक टूटकर 23,002.15 अंक पर आ गया.



## राम मंदिर राष्ट्र मंदिर : राष्ट्रपति

**अयोध्या, 19 मार्च (वार्ता).** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की और इसे राष्ट्र मंदिर की संज्ञा दी.राष्ट्रपति ने नव संवत्सर के अवसर पर रामलला के चरणों में शीश झुकाकर आरती उतारी.

# विजयपुर के विधायक बने रहेंगे मुकेश मल्होत्रा

## सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट का फैसला खारिज

**ग्वालियर, 19 मार्च. विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है.**

कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को बरकरार रखते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया था. सुप्रीम कोर्ट में मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं, जिसके बाद अदालत ने मल्होत्रा को राहत दी.



मल्होत्रा फिलहाल राज्यसभा के लिए किसी भी प्रक्रिया में मतदान नहीं कर सकेंगे. वहीं जब तक कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन और भत्ते नहीं दिए जाएंगे.

> वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने बताया कि अब इस मामले की अगली विस्तृत सुनवाई 23 जुलाई को होगी.
>
> 
>
> हालांकि, अदालत ने मुकेश मल्होत्रा को विधायक के रूप में जारी रखने की अनुमति तो दी है, लेकिन अंतिम फैसला आने तक ये पाबंदियां लागू रहेंगी.

# डिस्ट्रीब्यूटर के पास पर्याप्त सिलेंडर

## गैस संकट पर मंत्रालयों ने की ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली, 19 मार्च. केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने गुरुवार को ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इसमें पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी.**

पेट्रोलियम मंत्रालय में ज्वॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि युद्ध के कारण एलपीजी की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है. हालांकि, देश में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास सिलेंडर की कमी नहीं है.



पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94 प्रतिशत पहुंच गई है. करीब 83 प्रतिशत रिफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड के जरिए हो रही है. सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत में करीब 70 प्रतिशत कच्चा तेल अब होर्मुज स्ट्रेट के बाहर के क्षेत्रों से आ रहा है.

TATA MOTORS
PASSENGER VEHICLES

TATA

उज्जैन मेला हो ज़बरदस्त, TATA MOTORS के ऑफ़र्स के साथ!

TATA Motors की गाड़ियों पर 50% RTO टैक्स बेनिफ़िट पाइए!




NEXON iCNG Price Starts at ₹8.23 Lakh^^

ALTROZ iCNG Price Starts at ₹7.21 Lakh^^

TIAGO iCNG Price Starts at ₹5.48 Lakh^^

iCNG

India's fastest growing and widest dual cylinder CNG range




Available in Petrol, Diesel, CNG and EV* | Up to 100% On-road Financing^ | Zero Processing Fees~ | Trusted by 60 Lakh Families | book TATA iCNG | BHARAT NCAP◊

**Sanghi Brothers (Indore) Pvt. Ltd.** Indore: 9152101179

**Sugandh Automotive** Ratlam: 9152101215, Neemuch: 8879232287, Mandsaur: 8879231839, Alirajpur: 9152101215, Jhabua: 9619469741, Manasa – 8657519601

**Shyam Automotive** Indore: 9152101197, Scheme No. 140: 8291390332, Badnawar: 8291247759, Kukshi: 8879231832, Manawar: 8657588354, Dhar: 9152101197

**Prahlad Abhikaran** Khargone: 9152101213,Khandwa: 9152101213, Burhanpur: 9152101213, Barwani: 9152101213

**SANGHI BROTHERS (INDORE) PVT LTD.** Ujjain: 9152101284, Shujalpur: 8879232820, Agar: 8879231218; Badnagar: 8879237413

**Sugandh Automobiles** Ujjain: 9167162775, Shahjapur: 9619152209 , Nagda: 9167162775

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^Offers are from multiple Financiers. ~Finance at sole discretion of Financier. ^^Altroz price mentioned is Smart MT CNG , ex showroom Delhi. ◊Altroz is 5 star BNCAP rated hatchback as per 2025 test. ◊Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of Petrol, Diesel and CNG. *Altroz is only available in Petrol, Diesel and CNG. As per BNACP results 2025. ^^Price mentioned is Nexon Smart MT CNG, ex showroom Delhi. *Nexon is only available in Petrol, Diesel and CNG and EV. ◊BNCAP rating is not valid for Nexon. ^^Tiago price mentioned is Tiago XE MT CNG, ex-showroom New Delhi, Local Taxes extra. ◊GNCAP and BNCAP rating is not valid for Tiago. Tiago is available in Petrol, CNG & EV. Auto transmission is AMT available in Tiago XTA CNG, XZA CNG and XZA NRG CNG. Terms and Conditions apply.